

राजधानी के बोट क्लब पर रविवार को सैलानियों की भारी भीड़ रही, जिसके कारण चक्काजाम की स्थिति निर्मित हो गई। हालांकि पर्यटन विभाग ने रख-रखाव के चलते बोट क्लब आगामी आदेश तक बंद किया हुआ है। लेकिन अन्य निजी प्रतिष्ठानों की गतिविधियाँ यहां जारी हैं। रविवार को खुशनुमा मौसम की वजह से भी अनेक प्रकृति प्रेमी वाहनों से यहां पहुंचे।

# गिरिबाला के सूने घर में चोरी की कोशिश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के चर्चित मामले में न्यायिक हिरासत में बंद रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह के कटारा हिल्स स्थित घर में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात चोरी की कोशिश हुई।

बदमाश घर में रखे सोने-चांदी के जेवर और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज समेटकर भागने की तैयारी में थे, लेकिन गश्त कर रही पुलिस की गाड़ी का सायरन सुनते ही सामान छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



चोरी और माल की जब्ती की पुष्टि एसीपी रजनीश कश्यप ने की है। पुलिस के मुताबिक वारदात के समय घर में गिरिबाला सिंह के भाई मौजूद थे। उनके अनुसार, बदमाश घर के पिछले हिस्से से दाखिल हुए, जिसके किसी को भनक तक नहीं लगी। इसी दौरान इलाके में गश्त कर रही चार्ली पुलिस की गाड़ी घर के पास पहुंची। पुलिस की मौजूदगी का आभास होते ही चोर घबरा गए और चोरी का सामान मौके पर छोड़कर भाग निकले।

पुलिसकर्मियों ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन वे अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लिया है। मामले की जांच जारी है।

**जेवर और दस्तावेज थे निशाने पर:** पुलिस के मुताबिक बदमाशों ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवरों के साथ गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेजों की फाइल भी अपने कब्जे में ले ली थी। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले वे कोई भी सामान ले जाने में सफल नहीं हो सके।

**30 जून तक न्यायिक हिरासत में हैं मां-बेटे :** गौरतलब है कि ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में आरोपी रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह 30 जून तक न्यायिक हिरासत में हैं। 16 जून को दोनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया था।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में जनभागीदारी से प्रदेश बना अग्रणी

**'सुमन पंचायत' योजना प्रारंभ**

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में जनभागीदारी के कारण मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है।

उन्होंने रविवार को आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान नवाचारी 'सुमन पंचायत' योजना तथा स्टेट एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) एक्शन प्लान 2.0 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत प्रतीक स्वरूप पांच बच्चों को पोलियोरोधी दवा भी पिलाई गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुमन पंचायत योजना के माध्यम से उन पंचायतों को एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि और



प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा, जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करेंगी तथा एक वर्ष तक मातृ मृत्यु, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु और खसरा-रूबेला के मामले दर्ज नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं में जनप्रतिनिधियों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश में बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत करते हुए बताया गया कि 28 से 30 जून तक प्रदेश के लगभग 1.07 करोड़ पांच वर्ष तक आयु के बच्चों को पोलियोरोधी वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। इसके लिए 83 हजार पोलियो बूथ, 1.66 लाख वैक्सीनेटर और 26 हजार सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। 29 और 30 जून को घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने एचपीवी टीकाकरण अभियान और स्वस्थ यकृत मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों को भी सम्मानित किया।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए राजगढ़, डिंडौरी और मुरैना को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला, जबकि स्वस्थ यकृत मिशन में बालाघाट, छिंदवाड़ा और शाजापुर को सम्मानित किया गया। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि प्रदेश में दो माह के भीतर आठ लाख से अधिक बेटियों का एचपीवी टीकाकरण किया गया है, जबकि स्वस्थ यकृत मिशन के तहत लगभग डेढ़ करोड़ लोगों की जांच की जा चुकी है। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल सहित वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक और स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गणेश सहस्त्रबाहु मंदिर में हवन पूजन का किया आयोजन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मरठा कलार समाज एवं श्री गणेश सहस्त्रबाहु मंदिर समिति के तत्वावधान में रविवार को गणेश सहस्त्रबाहु मंदिर परिसर एकता पुरी अशोका गार्डन भोपाल स्थित अर्जुन लाल डोहरे की पंडिताई में तथा राजन सेवईवार ममता सेवईवार की मुख्य यजमानी में भगवान गणेश भगवान सहस्त्रबाहु का पूजन अर्चन कर कार्तवीर्य सहस्त्रबाहु हवन आरती कर प्रसादी वितरण किया गया।

इस अवसर पर फूलचंद सेवईवार, सुधाकर राऊत,धनेन्द्र धुवारे, राधेश्याम राऊत,जोगराज डोहरे, विजय राऊत,वंदना डोहरे, राधिका राऊत, निशा धुवारे,संगीता राऊत उपस्थित थे।

# प्रदेश के पैंतालीस जिलों में तेज आंधी-बारिश की चेतावनी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश में मानसून के अगले 3 से 4 दिनों के भीतर आगे बढ़ने की संभावना है। अभी तक मानसून प्रदेश के 15 जिलों तक पहुंच चुका है, जबकि कई इलाकों में इसकी दस्तक का इंतजार है। इस बीच भोपाल सहित 45 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह और छतरपुर में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है।

वहीं ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी और टीकमगढ़ में दिन के समय धूप रहने के बाद शाम के समय मौसम बदल सकता है। इन जिलों में हल्की बारिश के आसार जताए गए हैं।

ग्वालियर-चंबल संभाग सहित प्रदेश के कई हिस्सों में मानसून अभी तक नहीं पहुंचा है। इसके कारण गर्मी का असर बना हुआ है। ग्वालियर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। शनिवार रात राजधानी भोपाल में गरज-चमक के साथ अच्छी बारिश हुई, जिससे कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। शिवपुरी में मानसून की पहली तेज बारिश और आंधी ने नुकसान पहुंचाया। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। रतलाम में बारिश के कारण सड़कें और अंडरब्रिज जलमग्न हो गए, जबकि झाबुआ में भी जोरदार बारिश दर्ज की गई। विदिशा में दिनभर की उमस और गर्मी के बाद शाम को हुई बारिश से लोगों को राहत मिली।

## सामान्य से 41 प्रतिशत कम बारिश

प्रदेश में पिछले चार दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी है और कई जिलों में 4 इंच से अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इससे प्रदेश के कुल वर्षा आंकड़ों में सुधार हुआ है। 1 जून से अब तक प्रदेश में औसतन 107.3 मिमी (4.2 इंच) बारिश होनी चाहिए थी, जबकि अब तक 63.5 मिमी (2.5 इंच) बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से 41 प्रतिशत कम है। 24 जून तक यह कमी 50 प्रतिशत थी, यानी अब तक वर्षा के आंकड़ों में 9 प्रतिशत का सुधार हुआ है। पूर्वी मध्य प्रदेश में सामान्य से 67 प्रतिशत कम बारिश हुई है, जबकि पश्चिमी हिस्से में यह कमी 16 प्रतिशत दर्ज की गई है।

# विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : सिंधिया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सपने केवल देखने के लिए नहीं होते, बल्कि उन्हें साकार भी किया जा सकता है। विकसित भारत-2047 के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। यदि किसी कार्य की जिम्मेदारी महिलाओं को दी जाए तो वे उसे और अधिक बेहतर ढंग से निभाती हैं।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया रविवार को मध्य प्रदेश के गुना जिले में जिज्जी की पंचायत रेस्टोरेंट में आयोजित लखपति दीदी सम्मान समारोह सह उन्मीकरण कार्यक्रम में 'संघर्ष से समृद्धि तक : लखपति दीदी की प्रेरक



उड़ान' को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न लखपति दीदियों से संवाद कर उनके संघर्ष, सफलता, आजीविका गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

**दीदियों से जाना सफलता का सफर :** कार्यक्रम में सिंधिया ने महिलाओं से पूछा कि वे आजीविका मिशन से संबंधित कौन-कौन से कार्य करती हैं। इस पर दीदियों ने बताया कि अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं। भविष्य की योजनाओं के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि निरंतर कार्य करते रहना, नए कौशल सीखना और एक से अधिक आजीविका गतिविधियों से जुड़े रहना ही उनकी प्राथमिकता है।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि कार्यक्रम में उन्होंने जिन महिलाओं की कहानियां सुनीं, वे विकसित भारत की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार है। प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करने में महिलाओं की निर्णायक भूमिका होगी। उन्होंने डिजिटल भुगतान का उल्लेख करते हुए कहा कि जब उन्होंने मीनाक्षी दीदी को उत्पाद के खरीदी पर नकद राशि देना चाही तो उन्होंने नकद की बजाय यूपीआई से भुगतान करने का आग्रह किया, जो डिजिटल भारत की सफलता का प्रतीक है।

उन्होंने कामिनी दीदी द्वारा अन्य महिलाओं को प्रशिक्षित करने की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया तथा किरण अहिरवार को भविष्य की आधुनिक भारत की महिला बताया। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने और गांव-गांव किसानों को इसके लिए प्रेरित करने का भी आह्वान किया।

# कांग्रेस का संगठनात्मक प्रशिक्षण शुरू

**नप्र, भोपाल :** कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से देवास में दो दिवसीय संगठनात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष तथा संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों के प्रति अधिक सक्रिय बनाना और जनसंपर्क अभियान को गति देना रहा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। प्रशिक्षण के दौरान संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क अभियान और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा



की गई। कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने तथा आमजन से निरंतर संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए गए। पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा, मनोज राजानी, प्रयास गौतम, मनीष चौधरी, प्रदीप चौधरी उपस्थित रहे।

# गीतांजलि कॉम्प्लेक्स में 40 लाख से पार्क और सड़कों का होगा विकास

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने रविवार को वार्ड क्रमांक 28 स्थित गीतांजलि कॉम्प्लेक्स में रविन्द्रनाथ टैगोर पार्क के सौंदर्यीकरण एवं क्षेत्र की सीमेंट कंक्रीटीकृत सड़कों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। लगभग 40 लाख रुपये की लागत से होने वाले इन विकास कार्यों से स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

भूमिपूजन के अवसर पर निगम अध्यक्ष ने कहा कि नगर निगम शहर के सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ, सुंदर और नागरिकों के



लिए अधिक उपयोगी बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि पार्क के सौंदर्यीकरण के साथ क्षेत्र की सड़कों का निर्माण भी कराया जाएगा, जिससे स्थानीय रहवासियों, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर वातावरण मिलेगा तथा आवागमन सुगम होगा।

# किसान कल्याण वर्ष के तहत अपेक्स बैंक प्रशासक ने किसानों से किया संवाद

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के क्रम में मध्यप्रदेश राज्य सहकारी (अपेक्स) बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का निरीक्षण कर किसानों से सीधा संवाद किया। उन्होंने हस्तिनापुर और बेहट स्थित समितियों का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनीं तथा सहकारिता योजनाओं की जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान महेंद्र सिंह यादव ने किसानों से कहा कि सहकारी समितियां किसानों को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए और अधिक से अधिक किसानों से सहकारी समितियों की सदस्यता



लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उटीला, अरौली, टिहौली, बड़ेरा, टांकोली, भोगीपुरा, डबका, हस्तिनापुर, तोर, मुक्तयारपुरा, फूले का पुरा, सुमावली और बेहट सहित अनेक गांवों में किसानों एवं स्थानीय नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा तानसेन- बेहट मंडल अध्यक्ष देवेंद्र गुर्जर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री जंडेल सिंह गुर्जर, पूर्व जनपद सदस्य हीरालाल राठौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सरपंच, सहकारी समिति पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों ने कृषि एवं सहकारिता से जुड़े अपने सुझाव भी साझा किए, जिन पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।

**कार्यशाला** *डिजिटल न्याय व्यवस्था को मिलेगा बल, आईसीजेएस पर राज्य स्तरीय कार्यशाला*

# आपराधिक न्याय व्यवस्था में डिजिटल तकनीक की भूमिका बढ़ रही

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** पुलिस, न्यायपालिका, अभियोजन, जेल, फॉरेंसिक और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता से रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 'आईसीजेएस इम्प्लीमेंटेशन एंड डिजिटल इंटीग्रेशन ' विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।

राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी) द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच डिजिटल समन्वय को मजबूत कर आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाना था।

कार्यशाला का शुभारंभ उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव एस. कालगांवकर, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एससीआरबी जयदीप प्रसाद ने कहा कि



इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) केवल एक तकनीकी परियोजना नहीं, बल्कि पुलिस, न्यायालय, अभियोजन, जेल और फॉरेंसिक विभागों को एकीकृत करने वाला राष्ट्रीय मिशन है। न्यायमूर्ति श्री कालगांवकर ने कहा कि आधुनिक आपराधिक न्याय व्यवस्था में डिजिटल साक्ष्य, रियल-टाइम सूचना आदान-प्रदान और तकनीक आधारित प्रक्रियाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने ई-समन, ई-वारंट, डिजिटल चार्जशीट, सुरक्षित डिजिटल स्टोरेज और विभिन्न एजेंसियों के बीच निर्बाध डेटा साझा करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी आधुनिक तकनीकें भविष्य की न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी और त्वरित बनाएंगी। श्री मकवाणा ने कहा कि साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीक आधारित पुलिसिंग समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश पुलिस विवेचना में ई-साक्ष्य, सीसीटीएनएस और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रभावी उपयोग कर रही है।

कार्यशाला के दौरान सीसीटीएनएस डेटा गुणवत्ता के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को सम्मानित किया गया। रतलाम ने प्रथम, अशोकनगर और गुना ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा राजगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फिंगरप्रिंट प्रबंधन के क्षेत्र में भोपाल कमिश्नरेट, देवास और इंदौर को भी सम्मानित किया गया। तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों ने डिजिटल फॉरेंसिक, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, आईसीजेएस 2.0 तथा नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से विचार साझा किए।